# शुभसन्देश

## कहानी पुस्तक

### चार



यह मेरी शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार है

मेरा नाम ______________________________ है

मैं अपनी शुभसन्देश
कहानी पुस्तक चार को पढ़ सकता हूँ

ये कहानियाँ सृजनहार परमेश्वर के पवित्र ग्रन्थ में से हैं।

इस कहानी पुस्तक के सभी चित्र भारत के आदिवासी बच्चों ने बनाए हैं।
शुभसन्देश कहानी पुस्तक चार। कॉपीराइट 2013. भारत में मुद्रित।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: WBTC India, P.O. Box 8478, Bangalore 560084.
Email: info@wbtcindia.com



स्वर्ग से आग ........................................ 2-17
आग की भट्ठी ........................................ 18-32


# स्वर्ग से आग

कई, कई, कई
वर्ष बीत गए।

मैं लोगों को अन्य ईश्वरों के लिए
गाते हुए देख सकता हूँ।







मैं एक आदमी को देख सकता हूँ।

उसका नाम एलिय्याह है।

एलिय्याह सृजनहार परमेश्वर
के लिए गा रहा है।

मैं एलिय्याह को उन लोगों से,
जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं,
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘यदि तुम्हारे ईश्वर
सच्चे परमेश्वर हैं, तो वे नीचे
वेदी पर आग बरसाएँ।

यदि सृजनहार परमेश्वर
सच्चा परमेश्वर है, तो वह नीचे
वेदी पर आग बरसाए।’

संग्राम शुरू होता है...







मैं उन लोगों को,
जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं,
एक वेदी बनाते हुए देख सकता हूँ।

मैं उन लोगों को,
जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं,
उस वेदी पर एक बैल रखते हुए देख सकता हूँ।

मैं उन लोगों को, जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं, गाते, विनती करते, नाचते और कूदते हुए देख सकता हूँ।

ऊपर-नीचे...ऊपर-नीचे...
ऊपर-नीचे...







मैं उन लोगों को, जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं, देख सकता हूँ,

वे सुन...सुन...सुन...रहे हैं।

अन्य ईश्वर कोई जवाब नहीं देते।







मैं एलिय्याह को उन लोगों से,
जो अन्य ईश्वरों के लिए गाते हैं,
यह कहते हुए सुन सकता हूँ

'और ज़ोर से विनती करो, और ज़्यादा
नाचो तथा और ऊँचा कूदो।

हो सकता है कि तुम्हारे
ये अन्य ईश्वर सो रहे हैं।'

मैं उन लोगों को, जो अन्य ईश्वरों
के लिए गाते हैं, देख सकता हूँ
कि वे और ज़ोर से विनती कर रहे हैं,

और ज़्यादा नाच रहे हैं तथा और
ऊँचा कूद रहे हैं।

ऊपर-नीचे...ऊपर-नीचे...ऊपर-नीचे...







मैं उन लोगों को, जो अन्य ईश्वरों
के लिए गाते हैं, देख सकता हूँ,

वे सुन...सुन...सुन...रहे हैं।


अन्य ईश्वर कोई
जवाब नहीं देते।

मैं एलिय्याह को, जो
सृजनहार परमेश्वर के लिए गाता है,
एक वेदी बनाते हुए देख सकता हूँ।

मैं एलिय्याह को, जो सृजनहार परमेश्वर के लिए गाता है, उस वेदी पर एक बैल रखते हुए देख सकता हूँ।







मैं एलिय्याह को, जो सृजनहार
परमेश्वर के लिए गाता है,
वेदी के चारों ओर
पानी डालते हुए देख सकता हूँ,
वह डाल...डाल...डाल...रहा है।

मैं एलिय्याह को, सृजनहार परमेश्वर से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'कृपया मुझे जवाब दीजिए, ताकि लोग केवल आप ही के लिए गाएँ।'







सब लोग देख रहे हैं...
इन्तज़ार कर रहे हैं...बड़े ध्यान से ताक रहे हैं।

तभी ऐसा हो गया!

सृजनहार परमेश्वर ने नीचे
उस वेदी पर आग बरसा दी!







मैं सब लोगों को सृजनहार परमेश्वर
के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

मैं सब लोगों को यह कहते हुए
सुन सकता हूँ, 'सृजनहार परमेश्वर ही
सच्चा परमेश्वर है।'

# आग की भट्ठी

कई वर्ष बीत गए।

मैं एक राजा को देख सकता हूँ।

मैं देख सकता हूँ कि वह राजा सोने की एक प्रतिमा बनवा रहा है।







मैं उस राजा को लोगों से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘केवल इस सोने की प्रतिमा के लिए गाओ, नहीं तो मैं तुम्हें आग में फेंकवा दूँगा।’

सावधान, आग बहुत
धधकी...धधकी...धधकी...हुई है!








मैं देख सकता हूँ कि तीन लड़के
सृजनहार परमेश्वर के लिए गा रहे हैं।

मैं उन तीन लड़कों को यह कहते
हुए सुन सकता हूँ, 'हम तो केवल
सृजनहार परमेश्वर के लिए ही गाएँगे।'

मैं देख सकता हूँ कि राजा
बहुत, बहुत, बहुत गुस्से में है।







मैं राजा को यह कहते हुए सुन
सकता हूँ, ‘इन तीनों लड़कों को,
जो केवल सृजनहार परमेश्वर
के लिए गाते हैं, आग में फेंक दो!’

सावधान, आग बहुत
धधकी...धधकी...धधकी...हुई है!








मैं देख सकता हूँ कि उन
तीनों लड़कों को, जो केवल
सृजनहार परमेश्वर के लिए गाते हैं,
आग में फेंका जा रहा है।



सावधान, आग बहुत
धधकी...धधकी...धधकी...हुई है!







मैं उस राजा को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘देखो, वे तीनों लड़के
आग में चल रहे हैं!

अब आग में चार लोग चल रहे हैं!


वे तीनों लड़के हैं और चौथा व्यक्ति
सृजनहार परमेश्वर जैसा दिख रहा है।’

मैं राजा को उन तीनों लड़कों से, जो केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए गाते हैं, यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘इस धधकती हुई आग में से बाहर आ जाओ!’







सावधान, आग बहुत धधकी...धधकी...धधकी...हुई है!

मैं उन तीनों लड़कों को आग में से बाहर आते हुए देख सकता हूँ।

मैं देख सकता हूँ कि उन तीनों लड़कों को आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है।







मैं उस राजा को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘केवल सृजनहार परमेश्वर के लिए गाओ।

सृजनहार परमेश्वर ने इन तीनों लड़कों को आग से बचा लिया है।’

किसी भी अन्य ईश्वर में इस प्रकार बचाने की शक्ति नहीं है।

सृजनहार परमेश्वर ही
सच्चा परमेश्वर है।

सृजनहार परमेश्वर आ रहा है...

